बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-420
29/08/2021

# मुख्यमंत्री ने टोक्यो पैरालंपिक 2020 में रजत पदक जीतने पर श्री निषाद कुमार को शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

पटना, 29 अगस्त 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने टोक्यो पैरालंपिक 2020 में पुरूषों के ऊँची कूद स्पर्द्धा में रजत पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ी श्री निषाद कुमार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री निषाद कुमार ने पैरालंपिक खेलों में रजत पदक जीतकर ऊँची कूद स्पर्द्धा में नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जिस पर हर भारतीय गौरवान्वित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री निषाद कुमार प्रगति की ऊँचाई के शीर्ष पर पहुँचें और भारत का नाम रौशन करते रहें, ऐसी मेरी कामना है।

******